जनसंदेश

LUCKNOW	
27 APRIL 2018	PAGE – 15
CIRCULATION – 96,106	

उत्तर भारत में डायरेक्ट सेलिंग सेल्स में यूपी सबसे आगे

लखनऊ। डायरेक्ट सेलिंग सेल्स में उत्तर प्रदेश सबसे बड़े राज्य के तौर पर उभरकर सामने आया है। राज्य में देशभर के मुकाबले डायरेक्ट सेलिंग की हिस्सेदारी 7.36 प्रतिशत रही, जो उसे महाराष्ट्र (13 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (9.10 प्रतिशत), तमिलनाडु (8.83 प्रतिशत) और कर्नाटक (7.81 प्रतिशत) जैसे मार्केट लीडर्स के बराबर पर लाकर खड़ा कर रहे हैं। यह जानकारी इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन के सालाना सर्वेक्षण 2016-17 में सामने आयी है। हाल ही में ईबीजी पोजिशन पेपर और आईडीएसए के सालाना सर्वे रिपोर्ट को संयुक्त रूप से जारी किया। जिसे नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने जारी किया। इस दौरान यूरोपीय संघ के राजदूत तोमास्ज कोजलोस्की भी मौजूद थे। उनके अलावा कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारीए विशेषज्ञ और कंपनियों के कर्ता.धर्ता भी समारोह में मौजूद थे। दोनों ही पेपर कंड्युसिव बिजनेस क्लाइमेट के लिए नीतिगत सुधारों की सिफारिश कर रहे हैं। इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) ने कैंटर आईएमआरबी के साथ भागीदारी की और विस्तृत सालाना रिपोर्ट निकाली, जो बताती है कि डायरेक्ट सेलिंग प्रोडक्ट्स की बिक्री ई.कॉमर्स वेबसाइट्स पर होने से एक बड़ी गंभीर चुनौती पैदा हो गई है। सरकार को रेगुलेटरी फ्रेमवर्क बनाना चाहिए, जिससे ई.कॉमर्स वेबसाइट्स को डायरेक्ट सेलिंग गुड्स को डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों की सहमति के बिना बेचने से रोका जाए।